हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 21 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



3 गैस की किल्लत पर आम आदमी पार्टी ने निकाली गैस सिलिंडर शव यात्रा




## खबर संक्षेप

### भाईचारे का संदेश देती है झूलेलाल जयंतीः जयसिंह

**कोरबा।** पूज्य सिंधी समाज कोरबा की ओर से सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव और चेट्रीचंड्र महोत्सव के अवसर पर शहर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा झूलेलाल मंदिर, रानी रोड सेप्रारंभ होकर गोदड़ी धाम, डीडीएम रोड तक पहुंची। शोभायात्रा जब पुराना बस स्टैंड क्षेत्र पहुंची, तब इसमें पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर श्री अग्रवाल ने कहा कि भगवान झूलेलाल का जीवन हमें भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में एकता को और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और नई पीढ़ी को संस्कारों से परिचित कराने का अवसर प्रदान करते हैं। समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है, जिसे बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। भक्ति गीतों और झांकियों के साथ निकली यह शोभायात्रा शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही।

### गेवरा-दीपिका कॉलोनियों में 3 से 4 दिन में हो रही जलापूर्ति

**कोरबा।** गर्मी की शुरुआत के साथ ही जिले में जल संकट की आहट सुनाई देने लगी है। एसईसीएल की गेवरा और दीपिका क्षेत्र की कॉलोनियों में पेयजल आपूर्ति को लेकर समस्या उभरने लगी है। यहां कई जगहों पर नलों से तीन से चार दिन के अंतराल में पानी मिलने की शिकायत सामने आई है, जिससे कर्मचारियों और उनके परिवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका परिषद दीपिका के अंतर्गत कुल 30 वार्ड आते हैं, जिनमें से 12 वार्ड एसईसीएल के गेवरा और दीपिका क्षेत्र में शामिल हैं। इन वार्डों में हजारों की संख्या में कोयला कंपनी से जुड़े कर्मचारी और उनके परिवार निवास करते हैं। ऐसे में पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा को लेकर जिम्मेदारी तय करने का मुद्दा भी उठ खड़ा हुआ है। नगर पालिका का कहना है कि कॉलोनियों में व्यवस्थाएं बनाए रखना एसईसीएल प्रबंधन की जिम्मेदारी है, जबकि कंपनी प्रबंधन का तर्क है कि जब वे नगर पालिका को टैक्स का भुगतान करते हैं, तो बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका का दायित्व होना चाहिए।

### बाबा बागेश्वर के आगमन को लेकर हुई बैठक

**कोरबा।** बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम के लिए आयोजन हेतु बैठक का आयोजन शाम 6 बजे श्रीराधा कृष्ण मंदिर, बुधवारी बाजार दीपका में रखा गया है। बैठक में कार्यक्रम से जुड़ी समस्त जानकारी पवन गर्ग द्वारा विस्तारपूर्वक दी जाएगी। सभी श्रद्धालु जनों से विनम्र अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य आयोजन को सफल बनाएं। इस दौरान 21 हजार महिलाओं के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो इस कार्यक्रम को और भी ऐतिहासिक एवं भव्य बनाएगी। कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा एवं विस्तृत जानकारी भी बैठक में साझा की जाएगी।

### टू-लेन सड़क बनने से 5 किमी कम हो जाएगी बालको की दूरी

**कोरबा।** शहर के तहसील रोड को सीधे बालको नगर के नजदीक रिंग रोड से जोड़ने डिंगापुर होते हुए 1.87 करोड़ रुपए की लागत से टू-लेन सड़क बनेगी। इसके लिए जमीन समतलीकरण शुरू कर दिया गया है। सड़क बनने से तहसील रोड से डिंगापुर होकर वाहन सीधे रिंग रोड के डेंगुरनाला के पास पहुंचेंगे। इससे तहसील रोड से बालको नगर की दूरी 5 किमी घट जाएगी। वहीं बालको नगर से तहसील, आरटीओ ऑफिस, लेबर ऑफिस समेत मेडिकल कॉलेज अस्पताल व सड़क निर्माण के लिए जमीन समतल की गई है। पीजी कॉलेज पहुंचना आसान हो जाएगा।

## जिले की कोरबी और जटगा समिति में इस वर्ष से शुरु हुई है खरीदी

# समर्थन मूल्य से अधिक दाम पर बाजार में बिक रही रबी की फसलें, समितियों में नहीं पहुंच रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन के द्वारा इस वर्ष से जिले की दो सहकारी समितियों जटगा और कोरबी से समर्थन मूल्य पर रबी की फसलें खरीदने की शुरुआत की है लेकिन सरकार के समर्थन मूल्य से ज्यादा कीमत किसानों को बाजार में मिलने के कारण दोनों सहकारी समितियों में सन्नाटा पसरा हुआ है। पहली बार ही सरकार को अपनी खरीदी में झटका लग गया है।

**खास बातें**

- किसानों को सरकार के समर्थन मूल्य नहीं ला पा रहे समिति की ओर
- जिले में लगभग 40 हजार हेक्टेयर में ली जाती है रबी की फसल



जटगा समिति में समिति के कर्मचारी और किसान।

धान की तरह समर्थन मूल्य में सरकार ने रबी फसलों की खरीदी की शुरुआत इस वर्ष से की थी लेकिन सरकार द्वारा तय किए गए समर्थन मूल्य किसानों को समिति तक नहीं खींच सके और समितियों में ना के बराबर किसान पहुंच रहे हैं। जिन समितियों में धान खरीदी के समय किसानों की भीड़ लगी रहती थी उन समितियों में रबी फसलों की खरीदी के समय इक्का दुक्का किसान ही नजर आ रहे हैं। सरकार जिन फसलों को 78 रुपए, 72 रुपए में खरीदी कर रही है उन फसलों को मार्केट में व्यापारी 100 से 120 रुपए की दर से खरीद रहे हैं। समर्थन मूल्य और बाजार की कीमत में एक बड़ा अंतर होने के कारण किसानों का रुझान मार्केट की ओर चला गया है। यही कारण है कि अब तक दोनों समितियों में दिसंबर से लेकर मार्च महीने तक एक भी किसान खरीफ और रबी की फसल बेचने नहीं पहुंचा। किसानों का कहना है कि रबी की फसलों की खेती में ज्यादा लागत आती है और इससे समर्थन मूल्य पर फसल बेचते हैं तो लागत मिलना भी मुश्किल हो जाएगा। 4 महीने में रबी की फसल की खरीदी ना होना शासन के समर्थन मूल्य योजना को एक बड़ा झटका लगा है। जिले में रबी की फसल का आंकड़ा 40 हजार हेक्टेयर के लगभग है जिसमें सैंकड़ों किसान फसल ले रहे हैं। पाली और पोड़ीउपरोड़ा ब्लॉक रबी फसल लेने के लिए अलग पहचान बना चुका है। पाली क्षेत्र में सरसों तेल बनाए जाने की इकाई भी स्थापित की गई है। इसके लिए कृषि विभाग के द्वारा राज्य सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद किसान उत्पादक संगठन को इसकी जिम्मेदारी दी गई है।

**बाजार में रेट अधिक**

किसानों को समर्थन में रबी की फसल बेचने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है किंतु बाजार में फसलों को व्यापारियों के द्वारा समर्थन मूल्य से अधिक कीमत पर खरीदा बेचा जा रहा है जिसकी वजह से किसान नहीं आ रहे हैं।

- डी पी एस कंवर, उप संचालक कृषि

**कक**

| फसल | समर्थन मूल्य (क्विंटल में) |
|---|---|
| अरहर | 8000 रुपए |
| मूंग | 8768 रुपए |
| उड़द | 7800 रुपए |
| मूंगफली | 7263 रुपए |
| सोयाबीन | 5328 रुपए |
| चना | 5875 रुपए |
| मसूर | 7000 रुपए |
| सरसों | 6200 रुपए |

**किस फसल की कब खरीदी**

शासन ने रबी और खरीफ की फसल के लिए जटगा और कोरबी समितियों में समय भी निर्धारित किया है। इसके अनुसार 1 दिसंबर से 24 फरवरी तक मूंग, उड़द, मूंगफली की खरीदी के लिए समय निर्धारित था और इस समयावधि में एक भी किसान मूंगफली बेचने तक नहीं पहुंचा। इसी तरह 1 मार्च से 4 मई तक मक्का, मसूर की खरीदी का समय निर्धारित है लेकिन कोई फसल बेचने नहीं पहुंचा है।

# सामान्य सभा में उठा वन क्षेत्रों में कैंपा मद से तालाब निर्माण का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत की सामान्य सभा शुक्रवार को सभा कक्ष में आहूत की गई। यहां पेयजल, रेडी टू इट सप्लाई के साथ वन क्षेत्रों में कैंपा मद से किस गए तालाब निर्माण का भी सदस्यों के द्वारा उठाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण को लेकर भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली गई। कुछ मुद्दों को लेकर अध्यक्ष ने भी अधिकारियों से स्वयं जानकारी ली।

**खास बातें**

- रेडी टू इट सप्लाई के मुद्दे पर भी हुई चर्चा
- पेयजल पर गर्माया सदन का माहौल

सामान्य सभा में सभी विभागों की समीक्षा एजेंडेवार आहूत की गई। सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह, सीईओ जिला पंचायत की उपस्थिति में एजेडों पर समीक्षा की कार्यवाही शुरु की। जिला पंचायत सदस्य रेणुका राठिया, सावित्री अजय कंवर, विद्वान सिंह मरावी, अजय नेटी सहित सभा में उपस्थित अन्य जिला पंचायत सदस्यों ने पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों पर चर्चा की। जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह के द्वारा समीक्षा के दौरान लोक निर्माण विभाग के द्वारा ग्रामीण अंचलों में सड़क निर्माण की जानकारी ली। अध्यक्ष के द्वारा ग्राम पंचायतों को दी जाने वाली मूलभूत की राशि का भी मुद्दा उठाया गया। बैठक में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि प्रशांत मिश्रा ने कटघोरा वनमंडल अंतर्गत वन क्षेत्रों में कैंपा मद से वन्य प्राणियों के लिए किए गए तालाब निर्माण की जानकारी कटघोरा डीएफओ से जानकारी ली। इस पर डीएफओ के द्वारा जानकारी लेने की बात कही गई। इसी तरह सदस्यों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के समय पेयजल समस्या का मुद्दा उठाया गया। बैठक में उपस्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता रमन उरांव ने कहा कि बजट नहीं होने के कारण विभाग के द्वारा नहीं किया जा सकता। बैठक में रेडी टू इट के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। सांसद प्रतिनिधि ने जिस समूह को कार्य आबंटित किया गया है उसके बैंक खाते में सरकार द्वारा निर्धारित राशि कब जमा हुई और कब आहरित की गई उसकी जानकारी आईसीडीएस के कार्यक्रम अधिकारी से मांगी गई।

**बैठक में अनुपस्थित रहे विधायक प्रतिनिधि**

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की विधानसभा के विधायकों के द्वारा जिला पंचायत की सामान्य सभा हेतु अपने प्रतिनिधि बनाए गए हैं लेकिन शुक्रवार को भी सामान्य सभा की बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा करने हेतु कोई भी विधायक प्रतिनिधि उपस्थित नहीं था। जबकि विधायक प्रतिनिधि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं में होड़ मची रहती है।

# बकायादारों की सम्पत्ति की गई सील, दो बकायादारों ने राशि जमा कर दी, हटाई गई सीलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम को देय सम्पत्तिकर संबंधित करदाताओं द्वारा न पटाये जाने परा आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर 3 बडे. बकायादारों की सम्पत्तियों को निगम अमले ने सील कर दिया, जिनमें से 2 बकायादारों द्वारा तत्काल बकाया राशि जमा करा दी गई, परिणाम स्वरूप उनकी सम्पत्तियों को सीलिंग से मुक्त कर दिया गया, वहीं 1 बकायादार की सम्पत्ति अभी भी सील है। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा ऐसे बडे. बकायादारों जिनके द्वारा निगम को देय बकाया करों के भुगतान किए जाने में रूचि नहीं ली जा रही है तथा बार-बार वारंट, नोटिस दिए जाने के बावजूद उनके द्वारा बकाया करों की राशि निगम में जमा नहीं कराई जा रही, ऐसे बकायादारों के विरूद्ध निगम कड़ी कार्यवाही कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि निगम द्वारा सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर आदि सहित विभिन्न करों की एक बड़ी बकाया राशि बकायादारों से प्राप्त की जानी है, इस हेतु निगम द्वारा बकायादारों को बार-बार नोटिस व वारंट आदि जारी कर बकाया राशि का भुगतान निगम कोष में किए जाने हेतु कहा जा रहा है, किन्तु बकायादारों द्वारा राशि जमा करने में रूचि नहीं दिखाई जा रही है, जिसके कारण एक ओर जहां निगम को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है, वहीं नगर के विकास व नागरिक सुविधाओं की बेहतरी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ना संभावित हैं। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के कडे निर्देश पर नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा अब इन बकायादारों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कोरबा जोनांतर्गत बी.पी.मोदी बकाया राशि 1 लाख 81 हजार 56 रूपये, अनूपचंद अग्रवाल 2 लाख 32 हजार 653 रूपये तथा शंकरशरद अग्रवाल बकाया राशि 91 हजार 602 रूपये की सम्पत्ति को निगम के द्वारा सील कर दिया गया था, जिस पर बी.पी.मोदी ने तत्काल बकाया कर की सम्पूर्ण राशि जमा करा दी, इसी प्रकार अनूपचंद अग्रवाल ने 1 लाख 50 हजार रूपये निगम कोष में जमा कराये तथा शेष बकाया राशि 31 मार्च तक जमा कराने का पत्र प्रस्तुत किया, जिस पर उक्त दोनों करदाताओं की सम्पत्ति को सीलिंग मुक्त कर दिया गया है, जबकि बकायादार शंकरशरद अग्रवाल के द्वारा बकाया राशि जमा न किये जाने पर उनकी सम्पत्ति अभी भी सील है। बकायादारों पर कार्यवाही के दौरान जोन कमिश्नर नीरज कौशिक, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, उप जोन प्रभारी अजय कुमार अग्रवाल, उप अभियंता विनोद गोंड़, परमानंद राठौर, उत्तम राठौर, राजेश साहू, तेजराम सोनी के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



कार्यवाही करते निगम आयुक्त व अन्य।

**सी.एण्ड डी.वेस्ट पर एक हजार रू. का अर्थदण्ड**

नगर पालिक निगम द्वारा सड़क व सार्वजनिक स्थल पर सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री आदि डम्प करने वालों के विरूद्ध भी लगातार कार्यवाही की जा रही है, आज इसी कड़ी में कोरबा जोन के जोन कमिश्नर नीरज कौशिक की अगुवाई में वार्ड भ्रमण कर रही निगम की अधिकारियों की टीम ने वार्ड क्र. 7 में सड़क व सार्वजनिक स्थल पर सी.एण्ड डी.वेस्ट डम्प किये जाने पर कार्यवाही करते हुये 1 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया तथा उक्त सी.एण्ड डी.वेस्ट का उचित निपटान व प्रबंधन तत्काल किये जाने के निर्देश दिये।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घर में बिजली खराब होने पर सुधारने के लिए एक युवक लगा हुआ था। बिजली सुधारने के दौरान वह करंट की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के लिए उसे पाली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामला चैतमा चौकी क्षेत्र के मानिकपुर के ग्राम साजापानी की है। यहां निवासरत घनश्याम विश्वकर्मा 39 वर्ष पिता रामाधार विश्वकर्मा के घर में बिजली खराब होने पर घनश्याम विश्वकर्मा स्वयं सुधार कार्य में लगा हुआ था। जहां अचानक वह करंट प्रवाहित तार की जद में आ गया और वह ऊपर से नीचे गिर पड़ा। गंभीर रूप से घायल होने पर परिजनों ने घनश्याम विश्वकर्मा को उपचार के लिए पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 1 अप्रैल तक

**बिलासपुर।** भारतीय थल सेना (अग्निवीर) में भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र युवाओं से 1 अप्रैल तक आनलाइन आवेदन मंगाये गए हैं। पुरूष अभ्यर्थी जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोरकीपर, ट्रेडमैन एवं महिला अभ्यर्थी सेना पुलिस तथा स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के लिए आवेदन कर सकते हैं। आयु सीमा 17.5 से 22 वर्ष एवं आवेदन शुल्क 250 रुपए निर्धारित किया गया है। वेबसाईट www.joinindianarmy.nic.in पर जाकर कर जा सकते हैं। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) 1 जून से 10 जून 2026 तक होने की संभावना है। विस्तृत जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय नवा रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212, 2965214 एवं जिला रोजगार कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है।

### हाईकोर्ट में अवमानना प्रकरणों की समीक्षा आज

**बिलासपुर।** उच्च न्यायालय बिलासपुर में लंबित अवमानना प्रकरणों की समीक्षा के लिए 21 मार्च को बैठक होगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को तैयारी के साथ मंथन कक्ष में आयोजित बैठक में शामिल होने के निर्देश जारी किए हैं। ऐसे अवमानना प्रकरण जिनमें कलेक्टर बिलासपुर को पक्षकार बनाया गया है, उनमें उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों एवं जवाबदावा की समय-सीमा के पालन की समीक्षा की जाएगी। यह बैठक 21 मार्च को सुबह 10 बजे मंथन सभा कक्ष में होगी। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने प्रकरणों की अद्यतन जानकारी एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित रहें।

### सतर्कता मॉनिटरिंग समिति की बैठक 25 को

बिलासपुर। जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में 25 मार्च को शाम 5 बजे होगी। बैठक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत वर्ष 2026 में दर्ज प्रकरणों के निराकरण (स्वीकृत राशि/वितरित राशि) की स्थिति पर एवं अधिनियम के तहत न्यायालय में लंबित प्रकरणों पर चर्चा की जाएगी।

### लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम पर कार्यशाला

**बिलासपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं का कार्यस्थल लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 23 मार्च को सवेरे 11 बजे से जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा भवन में किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कार्यालय, निजी संस्थान एवं प्रतिष्ठान में गठित आंतरिक शिकायत समिति के अध्यक्ष एवं 1 सदस्य को उपस्थित होने कहा है।

---

मलबा और गीली मिट्टी सड़क पर ही छोड़ दी गई

सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण का काम चल रहा है लेकिन सुस्ती से

# अशोक नगर चौक बना जोखिम चौक, कीचड़, धूल और गड्ढों से जीना हो गया मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोकनगर से बिरकोना मार्ग पर प्रस्तावित गौरव पथ योजना अभी कागजों में है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि नाली निर्माण की शुरुआत ने ही लोगों की जिंदगी मुश्किल कर दी है।

पिछले करीब दो महीने से सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण का काम चल रहा है, मगर रफ्तार इतनी सुस्त है कि आमजन को रोजाना कीचड़, धूल और गड्ढों का सामना करना पड़ रहा है। नाली खुदाई के बाद मलबा और गीली मिट्टी सड़क पर ही छोड़ दी गई है। हालात ऐसे हैं कि दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है। लगातार लग रहे जाम से लोगों का इस रास्ते से गुजरना तक मुश्किल हो गया है।



हरिभूमि ने शुक्रवार को अशोकनगर चौक से लेकर आगे बिजली आफिस और फिर बिरकोना रोड तक का जायजा लिया पाया कि यहां से पैदल गुजरना मुश्किल है। स्थानीय लोगों ने कहा कि सुबह-शाम स्कूल, दफ्तर और बाजार जाने वालों के लिए यह रास्ता परेशानी का सबब बन चुका है। जहां पानी जमा नहीं है, वहां धूल उड़ रही है। खुदाई के बाद न तो नियमित पानी का छिड़काव हो रहा है और न ही सड़क समतलीकरण। हल्की हवा में धूल का गुबार उठता है, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को भारी दिक्कत हो रही है।



### जगह बड़े-बड़े गड्ढे, दुर्घटना की आशंका

निर्माण कार्य के दौरान कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। हैरानी की बात यह है कि न तो पर्याप्त बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक आए दिन कोई न कोई वाहन चालक असंतुलित होकर गिर रहा है। लगातार निर्माण एजेंसी की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। खुदाई के दौरान अमृत मिशन की पानी सप्लाई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो रही है। पानी फव्वारे की तरह सड़क पर बहता रहता है लेकिन देखने वाला कोई नहीं है। हाल यह है कि बिना समन्वय और तकनीकी जांच के खुदाई की जा रही है।

### हजारों लोग रोज झेल रहे परेशानी

ध्यान रहे कि यह मार्ग अशोकनगर से बिरकोना की ओर जाने वाला प्रमुख रास्ता है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। प्रस्तावित गौरव पथ के नाम पर शुरू हुआ नाली निर्माण फिलहाल जनता के लिए मुसीबत बन गया है। यहां के लोगों ने मांग की है कि तत्काल सड़क समतलीकरण और नियमित पानी छिड़काव किया जाएगा। इसके साथ ही गड्ढों की भराई और सख्त बैरिकेडिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। पाइप लाइन क्षति की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए कार्य की समय-सीमा सार्वजनिक की जाए। फिलहाल प्रस्तावित गौरव पथ से पहले ही निर्माण की लापरवाही ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि जिम्मेदार विभाग ने समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी, तो यह परियोजना शुरू होने से पहले ही अव्यवस्था की भेंट चढ़ सकती है।

### पाइप लाइन सुधार रहे

पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण कार्य करने में थोड़ी परेशानी हो रही थी। अब इसे सुधार लिया गया है। गड्ढों को जल्द भर लिया जाएगा। सड़क और नाली का काम इसके बाद जारी होगा।

**- अनुपम तिवारी, नोडल अधिकारी**

---

15 करोड़ में बन रहा अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क हो गया बंद

# 5 एकड़ की इसी जमीन पर अब खुल गया 300 सीटर आवासीय विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस सरकार ने गांवों के गोठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर शहरों में महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जाने की योजना बनाई थी। बिलासपुर में इसके लिए छठ घाट के बाजू में एसएलआरएम सेंटर के पास पांच एकड़ जमीन तय करते हुए 15 करोड़ की राशि भी जारी हुई। तीन साल से बन रहा यह प्रोजेक्ट अब पूरा होने को है तो अब यहां प्रयास आवासीय विद्यालय खोला जा रहा है। छोटे उद्यमियों को जो प्लाट काटकर दिए जाने थी वह योजना बंद कर दी गई है। यही नहीं 750 महिलाओं के लिए सिलाई मशीन सेंटर स्थापित किए जाने की योजना भी ठंडे बस्ते में डाल दी गई। अब यहां 300 छात्रों के रहने और पढ़ने की व्यवस्था रहेगी। गौरतलब है कि इससे पहले यह प्रयास विद्यालय रमतला में लग रहा था जहां 270 बालक और 300 लड़कियों की व्यवस्था थी। इस विद्यालय में लगातार बढ़ रहे एडमिशन के कारण बालकों की व्यवस्था छठ घाट में होगी। लड़कियां रमतला आवासीय विद्यालय में ही रहकर पढ़ाई करेंगी।

- रहने के साथ ही खाने और पढ़ने की रहेगी व्यवस्था, नीट, जेईई की कोचिंग भी छात्रों को मिलेगी

ज्ञात हो कि पिछली सरकार में प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में कुटीर (कटिज) और सेवा (सर्विस) उद्योग का विकास करने के लिए महात्मा गांधी छत्तीसगढ़ अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क खोलने की घोषणा की थी। अधिकारियों के मुताबिक योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी गरीब परिवारों के लिए रोजगार एवं उद्यमिता के माध्यम से अतिरिक्त आय के साधन विकसित करना था। इस योजना के तहत स्थानीय परिस्थिति के अनुरूप कच्चे माल के स्रोत, सर्विस, उद्योग एवं मार्केटिंग विकसित करते हुए शहरी उद्यमिता को बढ़ावा देना था। छठ घाट के पास की खाली जमीन को इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित भी किया जा रहा था लेकिन अब सभी योजनाएं बंद कर दी गई और पूरी जमीन प्रयास आवासीय विद्यालय को दे दी गई हैं।




### तीन साल की कोचिंग स्टडी मटैरियल भी




गौरतलब है कि छठ घाट परिक्षेत्र में नवनिर्मित प्रयास आवासीय विद्यालय का उद्घाटन 26 जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया। यह विद्यालय आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा, 11वीं-12वीं और जेईई, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग प्रदान करेगा। अधिकारियों के अनुसार यह एक मॉडल स्कूल के रूप में कार्य करेगा, जहाँ विषय विशेषज्ञों द्वारा कोचिंग और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। संस्था आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के अंतर्गत संचालित होगी। इस आवासीय विद्यालय में तीन साल की कोचिंग के साथ ही स्टडी मटेरियल भी मिलेगा। फिलहाल तीन कोचिंग सेंटरों को रमतला और छठघाट के प्रयास आवासीय विद्यालय में पढ़ाने का जिम्मा मिला है।

### कई बार मिलीं है अव्यवस्था की शिकायत

ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने बिलासपुर में प्रयास आवासीय विद्यालय 2014 में खोला। पहले यह स्कूल बैगा परिसर जरहाभाठा में था। अगस्त 2019 इस स्कूल को नई बिल्डिंग रमतला में शिफ्ट किया। यहां करीब 300 बच्चियां पढ़ रही हैं। यूं तो 21 लोगों का स्टॉफ है लेकिन कई बार स्टॉफ के गायब होने और शिक्षकों के साथ ही दूसरे स्टाफ द्वारा प्रताड़ना की भी शिकायतें सामने आती रहीं हैं। छात्राओं ने कलेक्टेरेट का घेराव भी किया है। अब बालक और बालिकाओं का सेंटर अलग किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार यह विद्यालय छत्तीसगढ़ के प्रमुख विभागीय मुख्यालयों (रायपुर, बिलासपुर, आदि) में स्थापित 6 प्रारंभिक प्रयास विद्यालयों में से एक है। कक्षा 11 वीं में प्रवेश के लिए पात्र प्रवेश परीक्षा ली जाती है।

### महिलाओं के लिए बन रहा सिलाई सेंटर बंद

ज्ञात हो कि अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क योजना के तहत 2 हजार 3 हजार वर्गफीट के छोटे प्लाट काटकर उद्यमियों को दिया जाना था। इसमें कुल 35 प्लाट काटे जाने की तैयारी है। पूरा काम सीईएसआईडीसी की तर्ज पर होना था जैसा कि सिरगिट्टी और तिफरा में उद्योग स्थापित किए गए हैं। पहले चरण में 15 करोड़ रुपए में 750 महिलाओं के लिए सिलाई मशीन सेंटर स्थापित किए जा रहे थे। इसके लिए शेड और दूसरी व्यवस्था हाउसिंग बोर्ड कर रहा था तो सड़क, नाली, पानी का काम निगम के जिम्मे था। पूरे बजट की व्यवस्था डीएमएफ से की गई। अब लेकिन सभी योजनाएं बंद कर दी गईं हैं।

### बदली जा रही व्यवस्था

पहले यह विद्यालय रमतला में लग रहा था जहां 270 बालक और 300 लड़कियों की व्यवस्था थी। इस विद्यालय में लगातार बढ़ रहे एडमिशन के कारण बालकों की व्यवस्था छठघाट में होगी। लड़कियां रमतला आवासीय विद्यालय में ही रहकर पढ़ाई करेंगी।

**- जीए अश्वनी, नोडल अधिकारी**

---

# चखना सेंटर संचालक ने किया आर्मी जवान पर राड से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत शराब भट्ठी के सामने चखना दुकान संचालक ने साथियों के साथ मिलकर राड, चाकू व बेल्ट से आर्मी जवान व साथियों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस मारपीट से जवान बुरी तरह से जख्मी हो गया और उसे गंभीर हालत में सिम्स में भर्ती किया गया है। मामला बुधवार की शाम का है।

- घायल जवान को सिम्स में चल रहा इलाज

इंडियन आर्मी के पैरा मिलिट्री में पदस्थ नायक हेड विनोद कुमार लोनिया 22 वर्ष नरगोड़ा के रहने वाले हैं और वर्तमान में आगरा में पदस्थ हैं। छुट्टियों में अपने माता पिता से मिलने के लिए गांव पहुंचे थे। भांचा भरत लाल लोनिया व उसका दोस्त चखना दुकान के पास खड़े थे, इस दौरान संचालक अरविंद सिंह ठाकुर ने कर्मचारियों के साथ मिलकर भरत व कमल के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान चखना संचालक और उसके लोगों ने गाली गलौज व मारपीट की थी, इस दौरान उसने अपने मामा व जवान विनोद कुमार को इसकी जानकारी दी है। जवान विनोद कुमार ने बीच-बचाव किया, लेकिन आरोपियों ने राड, लाठी, चाकू, बेल्ट से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे विनोद के सिर, आंख व पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। भरत के पेट पर चाकू से वार किया गया है। घायल विनोद को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सीपत ले जाया गया लेकिन डाक्टरों ने उसे सिम्स रिफर कर दिया है। पिछले दो दिनों से जवान सिम्स में भर्ती है, हालांकि उसके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है लेकिन शरीर में अभी भी जख्मों के निशान मौजूद है। पुलिस ने दोनों पक्षों से कथन लेकर कांउटर एफआईआर कर दिया है।



घायल आर्मी का जवान।

### एसआई ने दी गालियां

सिम्स में भर्ती घायल जवान विनोद कुमार ने बताया कि थाने में पदस्थ एएसआई धर्मेंद्र यादव को उन्होंने आर्मी की आईडी कार्ड दिखाया। इसके बाद धर्मेंद्र यादव ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए अभ्रदता की और थाने से भगा दिया। खास बात यह है कि पुलिस ने जवान को अस्पताल में भर्ती कराना भी जरूरी नहीं समझा। वहीं चखना संचालक को बचाने के लिए काउंटर एफआईआर कर दिया गया है।

### रेट से अधिक में बेचते हैं चखना

घायल भरत लोनिया ने आरोप लगाया कि चखना सेंटर संचालक लगातार अपनी मनमानी करता है। इस दौरान अधिक रेट पर सामान बेचता है। जिसके चलते हर बार कहासुनी की नौबत आती है। बुधवार को भी सही रेट पर समान देने की बात पर ही दोनों के बीच विवाद हो गया और अपने भांचा भरत को बचाने के चलते ही जवान को संचालक व स्टाफ ने पीट दिया है।

### कार्रवाई जारी है

दोनों लोगों ने शराब के नशे में थाने पहुंचे थे। दोनों की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है। कार्रवाई जारी है।

**-राजेश मिश्रा,**
टीआई, सीपत थाना

---

# डेढ़ महीने पहले ही राजस्व प्राप्ति में 101 प्रतिशत पर पहुंचा खनिज विभाग

**बिलासपुर।** शासन द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए खनिज विभाग को दिए गए राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य को विभाग ने डेढ़ महीने पहले ही पूरा कर लिया है। सरकार द्वारा इस साल के लिए जिले को 45 करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरूद्ध 15 फरवरी की स्थिति में ही 45 करोड़ 57 लाख की राजस्व प्राप्ति के साथ खनिज विभाग 101 प्रतिशत पर पहुंच चुका है।

खनिजों के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के ढेरों प्रकरण बनाने के बाद भी जिले में खनिज विभाग ने सरकार द्वारा राजस्व प्राप्ति के लिए प्राप्त टारगेट को डेढ़ महीने पहले की स्थिति में ही पा लिया है। खनिज विभाग को बीते वर्ष जिले के लिए 40 करोड़ रूपए का टारगेट दिया गया था, जिसे इस साल बढ़ाकर 45 करोड़ कर दिया गया था। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 15 फरवरी की स्थिति में ही जिले की राजस्व प्राप्ति 45 करोड़ 57 लाख रूपए तक पहुंच चुकी थी, जबकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति को अभी डेढ़ महीने शेष ही थे।

### विभाग की बड़ी उपलब्धि

इस वित्तीय वर्ष में जिले को शासन से 45 करोड़ राजस्व प्राप्ति का टारगेट मिला था। जो कि बीते साल की तुलना में पांच करोड़ अधिक था। विभाग द्वारा 15 फरवरी की स्थिति में ही प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध 45.57 करोड़ का राजस्व प्राप्त कर लिया गया है। यह खनिज विभाग के लिए बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है।

**-किशोर कुमार गोलघाटे**
उपसंचालक, खनिज विभाग

---

# एसडीएम की कार को पिकअप ने मारी टक्कर

बिलासपुर। तेज रफ्तार पिकअप ने एसडीएम प्रशिक्षु आईएएस की कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार होने की कोशिश करने लगा, लेकिन सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता और मुस्तैदी के चलते उसे तत्काल पकड़ लिया गया।

जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी चालक नशे में था, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के मामले में धारा 185 के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, रतनपुर थाना क्षेत्र में पिकअप क्रमांक सीजी 12 बीयू 6105 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए कोटा एसडीएम व प्रशिक्षु आईएएस अरविंद कुमार की कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा महामाया चौक के पास हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। हादसे के तुरंत बाद आरोपी चालक वाहन लेकर मौके से भागने की कोशिश करने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चालक की हरकतें संदिग्ध थीं और वह घबराया हुआ नजर आ रहा था। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने चालक को पकड़ लिया। पकड़े गए चालक और मालवाहक वाहन को रतनपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

### सीयू के तीन शोधार्थियों को यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के शुद्ध एवं अनुप्रयुक्त भौतिकी विभाग, वनस्पति विज्ञान विभाग और फार्मेसी विभाग के तीन शोधार्थियों को यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। शुद्ध एवं अनुप्रयुक्त भौतिकी विभाग से किरण गुप्ता जिनके शोध निर्देशक प्रो. अरूण कुमार सिंह हैं तथा बॉटनी विभाग से शोधार्थी सुश्री आराधना तिवारी जिनके शोध निर्देशक प्रो. सुधीर पांडेय हैं और फार्मेसी विभाग से शोधार्थी मयंक गढ़ेवाल का चयन हुआ है जिनके शोध निर्देशक डॉ. योगेश वैष्णव हैं। इस कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नालाजी तथा डॉ. एसपी मुखर्जी इंटरनेशनल इंस्टीटयूट ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नालाजी द्वारा 17-18 मार्च को आईआईआईटी नया रायपुर में हुआ।

---

# चिंगराजपारा के कबाड़ गोदाम में लगी आग, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चिंगराजपारा के प्रभात चौक में तड़के सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब जायसवाल कबाड़ी के गोदाम में अचानक धुंआ उठने लगा और देखते देखते आग बढ़ने लगी। घने धुएं को देखकर आसपास के लोग दहशत में आ गए, हालांकि आस पास के लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए आग बुझाने में सफल रहे। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट अबतक स्पष्ट नहीं है।

गली मोहल्ले में चल रहे कबाड़ गोदाम कभी भी लोगों के लिए खतरा बन सकते हैं। इन कबाड़ दुकानों में कई बार ज्वलनशील पदार्थ तक स्टोर कर दिया जाता है, जिससे आग भड़कने का खतरा बना रहता है। खास बात यह है कि यह लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन चुका है। बताया जा रहा है कि सरकंडा थाना क्षेत्र के चिंगराजपारा स्थित प्रभात चौक के पास जायसवाल कबाड़ी के गोदाम में आग लग गई, इस दौरान सुबह सवेरे हुई इस वारदात के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। मोहल्लेवालों ने ही आग बुझाने के लिए पानी की बौछारें की और आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जायजा लिया है और कार्रवाई की बात कह रही है। घनी आबादी के बीच स्थित इस गोदाम को लेकर लोगों ने कई बार प्रशासन से शिकायत की है, लेकिन इसे हटाने या सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने में प्रशासन फेल हो चुका है।



आग लगने से धुंआ-धुंआ क्षेत्र।

---

# रेत-गिट्टी का अवैध परिवहन पांच हाइवा जब्त

**बिलासपुर।** खनिज विभाग द्वारा शुक्रवार को चलाए गए छापामार अभियान में गिट्टी एवं रेत का अवैध परिवहन कर रहे आठ वाहनों को जब्त कर लिया गया है। इसके अंतर्गत विभाग ने अलग-अलग क्षेत्रों से कुल पांच हाइवा वाहन एवं तीन ट्रैक्टर व ट्राली जब्त की है। जब्त वाहनों को थाना सरकंडा एवं कोनी में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। इसी क्रम में खनिज के अमले ने जिले के निरतु, सेंदरी, तुरकाडीह, लोखंडी, कोनी, बिरकोना और सरकंडा क्षेत्रों में शुक्रवार को व्यापक जांच अभियान चलाया था। जांच के दौरान सरकंडा क्षेत्र से खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए 2 हाइवा तथा रेत का अवैध परिवहन करते 1 हाइवा वाहन को जब्त किया गया। इसी तरह निरतु क्षेत्र से 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली, तुरकाडीह से 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली, लोखंडी क्षेत्र से 1 हाइवा और 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी अवैध परिवहन करते पकड़ा गया। इसके अलावा अशोक नगर क्षेत्र से मुरुम का अवैध परिवहन करते 1 हाइवा वाहन जब्त किया गया। पूरी कार्रवाई के दौरान कुल 5 हाइवा और 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित 8 वाहनों को जब्त कर पुलिस थाना सरकंडा एवं कोनी की अभिरक्षा में रखा गया है।

### जारी रहेगी कार्रवाई

सूचना के आधार पर खनिज विभाग की टीम ने शुक्रवार को छापामार अभियान चलाया था। इस दौरान खनिज के अवैध परिवहन में संलग्न आठ वाहनों को जब्त किया गया है। छापामार कार्रवाई अभी लगातार जारी रहेगी।

**-किशोर कुमार गोलघाटे**
उप संचालक खनिज

---

### गर्डर की लांचिंग से ट्रेन परिचालन कल प्रभावित रहेगा

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने गर्डर डी लांचिंग करने के लिए ट्रेन का परिचालन दो दिन तक रद्द करने का आदेश जारी किया है, जिसके कारण 22 और 23 मार्च को बिलासपुर से रायपुर के बीच लोकल ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ सकती है। अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के रायपुर मंडल अंतर्गत हथबंद से भाटापारा सेक्शन के बीच लेवल क्रासिंग पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण कार्य किया जा रहा है। रोड अंडरब्रिज निर्माण की अंतिम कड़ी में गर्डरों की डी लाचिंग हेतु ट्रैफिक सह पावर ब्लाक किया जाएगा। इसकी वजह से 22 मार्च को 68734 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर, 68733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर, 58205 रायपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी पैसेंजर, 23 मार्च को 58206 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-रायपुर पैसेंजर और 58202 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### चरित्र शंका का आरोप लगाकर महिला से मारपीट, निकाला घर से

मदनपुर। ग्राम पंचायत रविन्द्र नगर में एक महिला को उसके परिजन ने चरित्र शंका का आरोप लगाकर न सिर्फ उसके साथ मारपीट किया बल्कि उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने घटना की शिकायत जयनगर थाने में की है। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जयनगर थाने में दी गई शिकायत में 41 वर्षीया पीड़िता ने बताया है कि तीन साल पूर्व ही पति की मृत्यु हो गई जिसके बाद वह पुत्र के साथ ससुराल में रह रही थी। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने पर वह एक शो रूप में काम करने के अलावा टिफिन पार्सल का काम कर पुत्र का लालन पालन करती आ रही थी। पीड़िता का आरोप है कि 11 मार्च की रात 9 बजे शो रूम का एक सहकर्मी उसके घर पैसा देने आया था। सहकर्मी के घर में आने की जानकारी परिजन को लगी तो जेठ, देवर सहित अन्य लाठी डंडा लेकर पहुंचे और उसे एवं सहकर्मी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। साथ ही सहकर्मी को शादी करने का दबाव बनाने लगे और जबरन कई कागजों पर उसका हस्ताक्षर करवा कर अपने पास रख लिए। पीड़िता ने मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### रविन्द्रनगर गांव में बढ़ते कर्ज से परेशान युवक ने लगाई फांसी

बिश्रामपुर। बढ़ते कर्ज के तनाव से परेशान होकर ग्राम रविंद्रनगर निवासी एक युवक ने बीती रात अज्ञात कारणों से अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम रविंद्रनगर निवासी सीलिंग सेट्रिंग का काम करने वाला 35 वर्षीय राजेश राय पिता दीपक राय ने गुरुवार की रात घर में अपने कमरे में सोने गया,जहां पर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजन ने आशंका जताई है कि युवक कर्ज की वजह से काफी तनाव में रहता था, जिस वजह से उसने उक्त घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने बताया कि युवक की पत्नी भी गुरुवार को ही अपने मायके जाने घर से निकली थी, जिससे वह अकेलेपन में फांसी लगा लिया है, हालांकि मामले की जांच पूरी होने के बाद ही वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी,फिलहाल पुलिस ने सूचना पर शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### ग्रामीणों की शिकायत पर पकड़ा गया गांजा तस्कर, 950 ग्राम गांजा जब्त

अम्बिकापुर। ग्रामीणों से लगातार मिल रही शिकायत पर संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गांव में गांजा बिक्री कर रहे गांजा तस्कर को पकड़ा। टीम ने आरोपी के पास से 950 ग्राम गांजा जब्त कर उसके विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज किया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को रनपुर खुर्द के ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि रनपुर खुर्द में रहने वाले नूर मोहम्मद एवं उसके बेटा ज़फ़र एवं सफर द्वारा लंबे समय से गांजा बेच रहे है। दोनों के गांव में गांजा बेचने से पूरे गांव का माहौल बिगड़ रहा हैं। शिकायत की पुष्टि होने के बाद आज सुबह संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने रनपुर खुर्द निवासी नूर मोहम्मद के घर छापा मार कार्यवाही की गई। घर पर मो. सफर मौजूद मिला। घर की तलाश में 950 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 ए के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत कुमार गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी एवं नगर सैनिक गणेश पांडेय, रणविजय सिंह तथा महिला सैनिक राजकुमारी एवं चंद्रावती सक्रिय रही।

### विक्षोभ के प्रभाव से देर शाम हुई वर्षा

**अंबिकापुर।** पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में व्यापक बदलाव आया है। शुक्रवार की देर शाम शहर में हल्की वर्षा हुई। उत्तर भारत में पूर्व में सक्रिय पछुआ विक्षोभ का असर अभी तक खत्म नहीं हुआ है। साथ ही दो दिन पूर्व सक्रिय विक्षोभ भी पूर्व में सक्रिय विक्षोभ में सम्मिलित हो गया है। इधर देश के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका की सक्रियता भी पूर्ववत बनी हुई है जिसके प्रभाव से लागातार खाड़ी से नमी पहुंच रही है।

## स्टंटबाजों पर हुई कार्वाई

# बाइक में फर्राटे भरने वाले 35 चालकों को पुलिस ने सिखाया सबक, जब्त किए वाहन


थाना में जब्त मोटर साइकिल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


हिंदू नववर्ष के अवसर पर शहर में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया था। जहां रैली के मौके पर कुछ सामाजिक तत्वों द्वारा गाड़ी के साइलेंसर निकालकर पटाखे की आवाज निकालने वाली बुलेट जैसे वाहनों में लगातार युवक फर्राटे भर रहे थे। ऐसे युवकों को पुलिस ने जमकर सबक सिखाया और अलग-अलग थाना क्षेत्र में पुलिस ने दर्जनों वाहनों को जप्त कर मामले को न्यायालय में पेश किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा हिंदू नव वर्ष को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटेल, नितिश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी व पुलिस की टीम चौक चौराहों में तैनात की गई थी। हिंदू नव वर्ष के अवसर पर सामाजिक तत्वों द्वारा बाइक की साइलेंसर निकाल कर या फिर बुलेट पर फर्राटे भरते नजर आ रहे थे ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए पुलिस भी सड़क पर तैनात थी। इसी कड़ी में नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल ने अपने क्षेत्र में लगभग 35 मोटरसाइकिल की जब्ती की कार्यवाही की है।

### स्टंटबाज कार चालकों के खिलाफ मामला दर्ज, थार जब्त



शहर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर गुरुवार को दो प्रमुख संगठनों के द्वारा रैली निकाली गई थी। इस दौरान शहर के घंटाघर ओपन ऑडिटोरियम में चार पहिया वाहन में सवार युवक कार की खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंटबाजी करते नजर आ रहे थे जिनका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो हुआ था। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्टंटबाज कार चालकों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही करने का निर्देश सिविल लाईन थाना प्रभारी को जारी किया गया था जिसपर प्रभारी नवीन पटेल ने कार चालकों के खिलाफ धारा 281 बीएनएस एवं 184 एमव्ही एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है और फरार चल रहे स्टंटबाज कार चालकों की खोजबीन शुरु कर दी है। शुक्रवार को पुलिस ने इस मामले में थार वाहन को जब्त कर लिया है जबकि अन्य वाहन चालकों की सरगर्मी से खोजबीन हो रही है। इससे पहले भी पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की है। इसके बाद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और सोशल मीडिया के चक्कर में किसी भी हद को पार कर जाते हैं।

### तीन बोरी कड़ा भी किया गया जब्त



शोभायात्रा के दौरान लोगों का भीड़ उमड़ी हुई थी। जहां ज्यादातर युवक सड़कों पर पैदल चल रहे थे जो अपने हाथों पर स्टील धातु जैसा कड़ा पहने हुए थे और किसी अनहोनी के मद्देनजर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट थी। इसे लेकर पुलिस वालों ने रैली में चल रहे ऐसे युवक जो अपने हाथ में भारी भरकम कड़ा पहने हुए थे उनके हाथों से कड़ा निकलवाया गया और कार्रवाई की गई। पुलिस ने तीन बोरी कड़ा जब्त किया है। नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी ने बताया कि पुराना बस स्टैंड ओवर ब्रिज के पास रायगढ़ देवारपारा निवासी अमल भट्ट और इमलीडुग्गू निवासी सागर रात्रे के कब्जे से हथियार जब्त किया गया है। जिनके खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

# गैस की किल्लत पर आम आदमी पार्टी ने निकाली गैस सिलिंडर शव यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में गहराते रसोई गैस संकट, कमर्शियल सिलेंडर की कमी और उससे प्रभावित आम जनजीवन व उद्योगों को लेकर जिले के रामपुर विधानसभा अंतर्गत भैंसमा तहसील में गैस सिलिंडर शव यात्रा निकाली गई और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

आप नेताओं ने सरकार के गैस की कोई कमी नहीं वाले दावों को सिरे से खारिज करते हुए इसे जनता को गुमराह करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि देशभर में गैस संकट के हालात सरकार की विफल नीतियों का परिणाम हैं। जब सरकार खुद दावा कर रही है कि गैस की कोई कमी नहीं है तो फिर आम जनता को सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में क्यों खड़ा होना पड़ रहा है? प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 500 में गैस सिलेंडर देने की गारंटी पूरी तरह फेल हो चुकी है। आज आम आदमी को घरेलू गैस सिलेंडर तक समय पर नहीं मिल पा रहा है। ऊपर से घरेलू सिलेंडर पर 60 रुपए और कमर्शियल सिलेंडर पर 115 रुपए की बढ़ोतरी ने लोगों की कमर तोड़ दी है। केंद्र की ग़लत नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ की जनता रसोई गैस (एलपीजी) और कमर्शियल गैस की अनियमित एवं अपर्याप्त आपूर्ति की गंभीर समस्या का सामना कर रही हैं। वर्तमान स्थिति में गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण आम नागरिकों का दैनिक जीवन अत्यंत प्रभावित हो रहा है। कमर्शियल गैस की आपूर्ति न होने से बाहर से आने वाले लोगों को होटल रेस्टोरेंट खाना नहीं मिल पा रहा है और जहां मिल रहा है वहां महँगा मिल रहा है। होटल रेस्टोरेंट वालों का भी जीवन यापन कठिन हो गया है। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ में संबंधित विभाग और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान करें तथा गैस की कालाबाज़ारी पर रोक लगावें और छत्तीसगढ़ में रसोई गैस की नियमित, पारदर्शी एवं समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने का सहयोग करें। साथ ही, गैस वितरण प्रणाली की निगरानी को सुदृढ़ करने एवं शिकायतों के त्वरित निवारण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

# निर्माण कार्यों की प्रगति और समय सीमा में पूर्णता करें सुनिश्चित : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अधोसंरचना विकास कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाय एवं पीडब्ल्यूडी-सेतु के अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में स्वीकृत व निर्माणाधीन सड़कों, पुल-पुलिया एवं भवन निर्माण कार्यों की प्रगति का आकलन करते हुए उन्होंने बारिश से पूर्व सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी क्रियान्वयन एजेंसी को सभी निर्माण स्थल पर ठेकेदारो से समानांतर कार्य संचालित कराने, मशीनरी एवं मैन पॉवर बढ़ाने के निर्देश दिए।

साथ ही धीमी प्रगति वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करने तथा अनुबंध के बाद कार्य में रुचि नहीं रखने वाले ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए एजेंसियों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर परिवारों के क्षेत्रों में संचालित सड़क एवं अन्य अधोसंरचना कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि दूरस्थ पीवीटीजी बस्तियों तक सड़क संपर्क सुदृढ़ करने हेतु कार्यों में तेजी लाने एवं यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लेमरू-देवपहरी, मदनपुर-माँझीपारा, कोडार-माँझीपारा और मेनरोड-जुनापारा सहित जिले में संचालित विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभागों को निर्देश दिए कि ठेकेदारों से सभी कंस्ट्रक्शन साइटों पर पैरेलल वर्क बढ़ाकर कार्यों की गति तेज करें, निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करें और पर्याप्त मैनपॉवर व मशीनरी का उपयोग कर निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करें। उन्होंने ग्राम गौरव पथ, डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने निर्देशित किया। कलेक्टर श्री दुदावत ने लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत सड़क, विद्यालय, नवीन स्वास्थ्य केंद्र भवन एवं अन्य शासकीय भवनों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन चिर्रा-श्यांग मार्ग पर नियमित रूप से पानी छिड़काव करने एवं काम में गम्भीरता से प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग द्वारा कराए जा रहे विभिन्न सड़क, भवन एवं अन्य मरम्मत कार्यों में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि विवाद का निराकरण हेतु संबंधित विभाग से समन्वय करने, कार्य की प्रगति को बढ़ाते हुए समय सीमा में काम पूरा करने और काम पूर्ण होने पर संबंधित को समय पर भुगतान के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की जानकारी लेते हुए अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी सेतु को शहर के सुनालिया मार्ग में पुल निर्माण कार्य में भी तेजी से प्रगति लाते हुए सभी विभागों से समन्वय कर जल्द से जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

# आज मनेगी ईद, इबादतगाहों में अदा की जाएगी नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक माह तक चलने वाले इबादत का पर्व रमजान की ईद नमाज आज शहर और उपनगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण अंचलों के मस्जिदों में अदा की जाएगी। एक दिन पूर्व शुक्रवार को रमजान का 30वां रोजा मुकम्मल हुआ। आज जिलेभर में अकीदत के साथ ईद मनाई जाएगी। सुबह इबादतगाहों में ईदुलफितर की विशेष नमाज अदा होगी।

ईदुलफितर को लेकर जिले में उल्लास और उमंग का माहौल चरम पर पहुंच गया है। एक ओर जहां ईदगाहों को आकर्षक ढंग से सजाकर नमाज के लिए तैयार किया गया है, वहीं दूसरी ओर ईद से एक दिन पहले बाजार सेवई, मिठाइयों, कपड़ों और रोजमर्रा की खरीदारी से पूरी तरह गुलजार हो उठे। शहर की प्रमुख ईदगाहों सहित विभिन्न इलाकों की मस्जिदों और नमाज स्थलों में ईद की नमाज को लेकर तैयारियां की जा चुकी है। ईदगाह परिसरों की साफ-सफाई कर विशेष सजावट की गई है। प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल की तैनाती, यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन की तैयारी पूरी कर ली गई है। ईदगाह कमेटियों ने लोगों से समय पर पहुंचने की अपील की है। साथ ही मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज का समय तय कर जमातुल विदा की नमाज के बाद इसका ऐलान किया गया। इस बार माह-ए-रमजान में 5 जुमा (शुक्रवार) पडे। पहला 20 फरवरी, दूसरा 27 फरवरी, तीसरा 6 मार्च, चौथा 13 मार्च और पांचवा 20 मार्च को पड़ा। 18 फरवरी को चांद का दीदार हुआ था। 19 फरवरी को मुस्लिम बंधुओं ने पहला रोजा रखा। 20 मार्च को 30वां रोजा मुकम्मल हुआ। शाम 6.14 बजे माह के अंतिम रोजे की इफ्तार की गई।

### कहां कब होगी नमाज

| स्थान | समय |
|---|---|
| ईदगाह कब्रिस्तान इंदिरा नगर | 8:30 बजे |
| ईदगाह, गेरवा घाट | 8:00 बजे |
| ईदगाह, एसईसीएल | 8:00 बजे |
| जामा मस्जिद, पावर हाउस रोड | 9:00 बजे |
| मदीना मस्जिद, पुरानी बस्ती | 8:45 बजे |
| मस्जिद गरीब नवाज़, टीपी नगर | 8:15 बजे |
| मस्जिदे गौसे आज़म, मुड़ापार | 8:30 बजे |
| शाही नूरी मस्जिद, बुधवारी | 8:15 बजे |

# सरस संगीतमय श्रीमद देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आदि शक्ति मां महामाया जगदंबा की कृपा से शारदा विहार, मेन रोड, दुर्गा पंडाल, फेस 1 में सार्वजनिक सरस संगीतमय श्रीमद देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन शुरू हुआ। आयोजन के प्रथम दिन कलश जल यात्रा, वेदी पूजन, ख्याद्यायायी की शुरुआत जोर शोर से एवं विधि पूर्वक सम्पन्न हुआ। स्थानीय लोगों ने कलश यात्रा में भारी संख्या में उपस्थित होकर पूजन की शुरुआत की। कथा का पावन प्रसंग 19 से 28 मार्च तक चलेगा। कथा व्यास पंडित नरेंद्र तिवारी (लाखासार वाले) एवं मुख्य यजमान, श्रीमति श्वेता तिवारी देवेंद्र तिवारी है। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत 19 मार्च को कलश जलयात्रा और वेदी पूजन के साथ हुई। इसके बाद देवी दर्शन और मत्स्यगरभम धोपाख्यान का आयोजन किया गया। 20 मार्च को सत्यव्रत कथा और तीर्थ दर्शन हुआ, जबकि 21 मार्च को देवी के प्राकट्य एवं महिषासुर संहार की कथा सुनाई जाएगी। 22 मार्च को सुमेधा ऋषि की कथा का आयोजन होगा। 23 मार्च को राजा हरिश्चंद्र उपाख्यान और 24 मार्च को पंच प्रकृति का वर्णन किया जाएगा। 25 मार्च को तुलसी उपाख्यान और सत्यवान-सावित्री विवाह की कथा श्रद्धालुओं को सुनाई जाएगी। 26 मार्च को पुराण श्रवण, कथा फल और विश्राम कार्यक्रम रहेगा। 27 मार्च को तर्पण, सहस्त्रधारा, कन्या भोज, ब्राह्मण भोज और भंडारे का आयोजन किया जाएगा, साथ ही शाम 4 बजे जवारा विसर्जन किया जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा**
**जिला-कोरबा (छ०ग०)**

**राजस्व मामले में नोटिस**

रा.प्र.क. /ब-121/2025-26
ग्राम दादरखुर्द प०ह०नं० 21

**दीप नंदा विरूद्ध उमेद सिंह वगैरह**

1. उमेद सिंह
2. पुष्पा देवी सोनी
3. ओमशंकर रंगदारी

निवासी कोरबा तहसील व जिला - कोरबा (छ०ग०)

आपको सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिक निगम कोरबा के पत्र कमांक/अतिक्रमण शाखा/2025-26/12319 कोरबा दिनांक 07/11/2025 अनुसार आवेदक दीप नंदा पिता अनिल नंदा निवासी पुरानी बस्ती कोरबा के द्वारा ग्राम दादरखुर्द स्थित भूमि ख0नं0 1414/1675 रकबा 0.430 हे0 जिस पर उमेद सिंह वगैरह के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर पुष्पा देवी सोनी, ओमशंकर रंगदारी वगैरह के पास विक्रय कर दिये हैं। उक्त भूमि को विक्रय करने के पश्चात आवेदक द्वारा क्रय की जा रही भूमि का रास्ता बंद हो जाने के कारण शासकीय भूमि पर किये गये अतिकमण को हटाने के संबंध में पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 23/03/2026 को दिन के 3:00 बजे स्थानः तहसील कार्यालय कोरबा पर होगी।

आज दिनांक 19/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा**

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा**
**जिला-कोरबा (छ०ग०)**

**राजस्व मामले में नोटिस**

रा.प्र.क. /ब-121/2025-26
ग्राम दादरखुर्द प०ह०नं० 21

**दीप नंदा विरूद्ध उमेद सिंह वगैरह**

1. उमेद सिंह
2. पुष्पा देवी सोनी
3. ओमशंकर रंगदारी

निवासी कोरबा तहसील व जिला - कोरबा (छ०ग०)

आपको सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिक निगम कोरबा के पत्र कमांक/अतिक्रमण शाखा/2025-26/12319 कोरबा दिनांक 07/11/2025 अनुसार आवेदक दीप नंदा पिता अनिल नंदा निवासी पुरानी बस्ती कोरबा के द्वारा ग्राम दादरखुर्द स्थित भूमि ख0नं0 1414/1675 रकबा 0.430 हे0 जिस पर उमेद सिंह वगैरह के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर पुष्पा देवी सोनी, ओमशंकर रंगदारी वगैरह के पास विक्रय कर दिये हैं। उक्त भूमि को विक्रय करने के पश्चात आवेदक द्वारा क्रय की जा रही भूमि का रास्ता बंद हो जाने के कारण शासकीय भूमि पर किये गये अतिकमण को हटाने के संबंध में पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 23/03/2026 को दिन के 3:00 बजे स्थानः तहसील कार्यालय कोरबा पर होगी।

आज दिनांक 19/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा**




# संत सम्मेलन में शामिल हुईं बांकीमोंगरा नपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा



नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अन्तर्गत कबीर चौक स्थित कबीर भवन में गुरुवार को सत्य निजनाम बोध संस्थान द्वारा संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा शामिल हुईं। श्रीमती झा ने कहा कि संतों का सानिध्य और कबीर साहब के विचार समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा दिए गए इस मान-सम्मान के लिए मैं सदैव आभारी रहूँगी। कबीर साहब की शिक्षाएं हम सभी के जीवन में समरसता और सत्य का मार्ग प्रशस्त करती हैं। कार्यक्रम में पार्षद प्रमोद सोना, श्रीमती प्रमिला सायतोड़े एवं श्रवण यादव, महिला मोर्चा भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती शशि साहू, नकुल पटेल, अनूपम दास सहित विभिन्न संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



## क्राइम की खबरें

### जनगणना फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 23 से 29 मार्च तक

**कोरबा।** जनगणना 2027 अंतर्गत नियुक्त फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण 23 मार्च से 29 मार्च तक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रातः 9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम कोरबा (जोन क्रमांक 1 से 7 तक), नगर पंचायत पाली, छुरीकला, नगर पालिका परिषद दीपका, बांकीमोंगरा, कटघोरा के सभी फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण 23 से 25 मार्च तक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रातः 9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित किया जायेगा। इसी तरह तहसील कोरबा, कटघोरा, करतला, पाली, पोड़ीउपरोड़ा, दर्री, हरदीबाजार, बरपाली, भैंसमा, दीपका, पसान, अजगरबहार के सभी फील्ड ट्रेनर का प्रशिक्षण 26 से 29 मार्च तक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रातः 9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

### इतवारी- कोरबा के बीच 23 से 28 मार्च तक चलेगी नवरात्रि स्पेशल ट्रेन

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने चैत्र नवरात्रि के दौरान डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में लगने वाले मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)- कोरबा के बीच मेमू स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी 23 से 28 मार्च तक चलेगी। इस दौरान यह ट्रेन 63 स्टेशनों पर रुकेगी और 14 घंटे 30 मिनट में पूरी दूरी तय करेगी। रेलवे प्रशासन के अनुसार ट्रेन नंबर 06883 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)—कोरबा मेमू स्पेशल सुबह 5 बजे इतवारी से रवाना होगी और मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुए शाम 7.30 बजे कोरबा पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 06884 कोरबा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू स्पेशल कोरबा से सुबह 5.10 बजे रवाना होकर निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुए शाम 7.30 बजे इतवारी पहुंचेगी। इतवारी से चलकर ट्रेन सुबह 9.06 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी और 9.11 बजे आगे के लिए रवाना होगी। वापसी में कोरबा से आने वाली ट्रेन दोपहर 1.41 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी और 5 मिनट ठहराव के बाद इतवारी के लिए रवाना होगी।

### खाद्य आपूर्ति एवं परिवहन की निगरानी हेतु नियंत्रण कक्ष सक्रिय

**कोरबा।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, नवां रायपुर से प्राप्त निर्देशों के तहत जिले में आवश्यक वस्तुओं, विशिष्ट केरोसिन तथा डीज़ल/पेट्रोल के सुचारु वितरण और परिवहन व्यवस्था की निगरानी के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित कर संचालित किया जा रहा है। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से आम जनता द्वारा प्राप्त शिकायतों, सुझावों तथा आवश्यक जानकारी का संकलन कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नियंत्रण कक्ष के प्रभावी संचालन हेतु जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। इनमें श्रीमती उर्मिला गुप्ता, खाद्य निरीक्षक (मोबाइल 7869990067), पारस सोनी, खाद्य निरीक्षक (मोबाइल 9479045059), रवि कुमार यादव, खाद्य निरीक्षक (मोबाइल 8319129386), सुरेश लांजी, खाद्य निरीक्षक (मोबाइल 7723954059), नवीन तिवारी, सहायक प्रबंधक (मोबाइल 7879818309) तथा पंकज कुमार अग्रवाल, लिपिक दैनिक वेतनभोगी, खाद्य शाखा कोरबा (मोबाइल 8319363959) शामिल हैं। ये सभी अधिकारी समय-समय पर नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध रहकर प्राप्त शिकायतों एवं सूचनाओं को संबोधित करेंगे। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 9691901259 जारी किया गया है।

### फैजान ने गेट की परीक्षा में 20वां स्थान किया प्राप्त

**कोरबा।** कटघोरा नगर के छात्र फैजान वसीम ने गेट की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 20वां हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने न केवल अपने परिवार, बल्कि जिले और राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। फैजान वसीम ने ईएस विषय में यह सफलता प्राप्त की। उन्होंने 100 में से 58 अंक हासिल कर 814 का गेट स्कोर प्राप्त किया, जो इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन माना जाता है। गेट देश की सबसे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक है, जिसमें टॉप रैंक हासिल करना बड़ी उपलब्धि है।



#### खनिज विभाग की अवैध भंडारण व उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई, ट्रैक्टर,जेसीबी, हाइवा जप्त

# रेत का अवैध कारोबार करने वालों पर गिरी गाज, 34 वाहन किए गए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर जिला खनिज विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों ने शुक्रवार को जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ व्यापक और प्रभावी अभियान चलाया और संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुल 34 वाहनों को पकड़कर जब्त किया गया।

खनिज विभाग के उप संचालक प्रमोद नायक द्वारा बताया गया कि पोड़ी-उपरोड़ा के पोड़ी तथा पसान क्षेत्र में अवैध परिवहन करते पाए गए 5 वाहनों पर कार्यवाही की गई। कटघोरा क्षेत्र में 8 ट्रैक्टर और एक हाईवा को अवैध परिवहन में लिप्त पाए जाने पर रोककर जब्ती की कार्रवाई की गई। कोरबा क्षेत्र में 9 वाहन और एक जेसीबी मशीन को अवैध उत्खनन और परिवहन करते हुए पकड़ा गया। पाली क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई, जहां 6 वाहनों पर अवैध गतिविधियों के लिए प्रकरण दर्ज किया गया। भैसमा क्षेत्र में एक चैन-माउंट मशीन, तीन हाईवा तथा एक अवैध मिट्टी उत्खनन का प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई पूरी की गई। जिले में कुल 34 वाहनों को कब्जे में लेकर संबंधित प्रकरणों में खान और खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले 1 से 19 मार्च तक खनिज विभाग द्वारा अवैध भंडारण के दो प्रकरण, अवैध उत्खनन के 9 प्रकरण और अवैध परिवहन के 31 प्रकरण दर्ज किए गए थे, जिन पर कुल 13 लाख 36 हजार 427 रुपये का अर्थदंड आरोपित किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 19 मार्च तक अवैध परिवहन के 326 प्रकरण, अवैध उत्खनन के 37 प्रकरण एवं अवैध भंडारण के 13 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। इन सभी 376 प्रकरणों में कुल 98 लाख 51 हजार 922 रुपये का अर्थदंड आरोपित कर वसूला जा चुका है।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मिट्टी, मुरूम, मिट्टीदूईंट, रेत और कोयला खनिज से संबंधित अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रशासन ने बताया कि अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



जेसीबी मशीन की जब्ती की कार्यवाही करते अधिकारी।



जब्त ट्रक।

#### अलग-अलग अनुभाग में हुई कार्रवाई

कोरबा एसडीएम सरोज महिलांगे के नेतृत्व में तहसीलदार बरपाली सत्यपाल राय और राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम चिचोली में छापेमारी की। इस कार्रवाई में अवैध रेत परिवहन के सात प्रकरण दर्ज किए गए और सभी सात ट्रैक्टर जब्त किए गए। कोरबा तहसील क्षेत्र में तहसीलदार बजरंग साहू की टीम ने अवैध रेत उत्खनन में जुटे दो ट्रैक्टर और एक जेसीबी को पकड़ा। इनमें से एक ट्रैक्टर और जेसीबी को बरबसपुर घाट से तथा एक ट्रैक्टर को ग्राम बरीडीह घाट से जब्त कर थाना उरगा के सुपुर्द किया गया। अनुविभाग पाली में एसडीएम रोहित सिंह के मार्गदर्शन में तहसीलदार भूषण मंडावी और राजस्व अमले ने भी कड़ी कार्रवाई की। पाली क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त पांच ट्रैक्टर पकड़े गए। कटघोरा अनुविभाग में एसडीएम तन्मय खन्ना के नेतृत्व में कटघोरा, दीपका और दर्री तहसीलों में संयुक्त अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में कुल सात ट्रैक्टर अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़े गए, जिनमें कटघोरा तहसील से तीन, दीपका तहसील से तीन और दर्री तहसील से एक ट्रैक्टर शामिल है। इसी तरह पोड़ी उपरोड़ा एसडीएम मनोज कुमार ने बताया कि आज अवैध रेत उत्खनन-परिवहन के 5 प्रकरण दर्ज किए गये है। पोड़ी में 3 ट्रैक्टर और पसान तहसील में 2 ट्रैक्टर जब्त किया गया है।

# नवरात्रि के पहले दिन शराब की बिक्री गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवरात्रि शुरू होते ही हर साल शराब की बिक्री सुस्त पड़ जाती है और आबकारी विभाग का टेंशन भी बढ़ जाता है लेकिन इस बार नवरात्रि के पहले दिन पूर्व की तरह ही औसत बिक्री हुई है। जिसमें पहले दिन ही 1 करोड़ 52 लाख रुपए की शराब की बिक्री हुई है। जिले में अमूमन आम दिनों में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की शराब की बिक्री होती है जिले के सभी देशी विदेशी दुकानों में ग्राहकों के डिमांड के अनुसार लगातार शराब मुहैया कराई जा रही है लेकिन नवरात्रि शुरू होने के साथ ही 9 दिनों तक शराब की बिक्री में लगभग 15 से 20 फ़ीसदी गिरावट दर्ज की जाती है लेकिन इस साल नवरात्रि के पहले दिन औसत बिक्री हुई है।

आबकारी विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक गुरुवार नवरात्रि के पहले दिन जिले में 1 करोड़ 52 लाख 67 हजार 940 की शराब की बिक्री हुई है। जिसमें देशी की 59 लाख 35 हजार 400 और विदेशी शराब की 93 लाख 32 हजार 540 रुपए की बिक्री हुई है। जबकि वहीं दूसरी ओर 18 मार्च को जिले में 1 करोड़ 66 लाख रुपए की शराब की बिक्री हुई थी जो 18 मार्च की अपेक्षा 19 मार्च को लगभग 14 लाख की बिक्री कम हुई है लेकिन आबकारी विभाग के सूत्र बताते हैं कि अब आठ दिनों तक बिक्री और भी कम दर्ज की जाएगी। यह आंकड़ा डेढ़ करोड़ से काम भी रहेगा। हर साल नवरात्रि में शराब की बिक्री बहुत कम हो जाती है क्योंकि ज्यादातर शराब प्रेमी पूरे 9 दिनों तक शराब से तौबा कर लेते हैं जिसका सीधा असर आबकारी विभाग में पड़ता है। आबकारी विभाग के सूत्र बताते हैं कि 15 से 20 फ़ीसदी तक नवरात्रि में गिरावट दर्ज की जाती है। इस साल भी संभावना जताई जा रही है कि लगभग 15 से 20 फ़ीसदी गिरावट दर्ज की जाएगी लेकिन जैसे ही नवरात्रि समाप्त होगी इसके बाद शराब की बिक्री में उछाल दर्ज हो जाती है।

#### खास बात

- जिले में 93 लाख की विदेशी तो 59 लाख की बिकी देशी शराब



#### नॉनवेज मार्केट भी हुआ डाउन

नवरात्रि प्रारंभ होते ही सभी देवी मंदिरों में आस्था की बियार बहती है। लोग सुबह व शाम बड़ी संख्या में मंदिरों में पहुंचकर आस्था की ज्योत जलाते हैं। यही वजह है कि जहां 9 दिनों तक शराब की बिक्री में काफी गिरावट दर्ज हो जाती है तो वहीं दूसरे और नॉनवेज मार्केट भी सुस्त हो जाता है। बताया जाता है कि नवरात्रि होने की वजह से मुर्गा, मछली और अन्य नॉनवेज के मार्केट में काफी गिरावट दर्ज हो जाती है जिसके चलते इस कारोबार से जुड़े लोगों को भारी आर्थिक नुकसान भी होता है।

# महापौर ने नवस्थापित अशोक स्तंभ का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने नगर निगम कोरबा द्वारा तानसेन चैक में नवस्थापित अशोक स्तंभ का करतल ध्वनि के बीच लोकार्पण किया। इस मौके पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, चन्द्रलोक सिंह, ममता यादव, लक्ष्मण श्रीवास, राकेश वर्मा, प्रताप सिंह कंवर, चेतन सिंह मैत्री, पंकज देवांगन आदि के साथ अन्य जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

ऊर्जानगरी कोरबा के शहर सौदंर्यीकरण व चौक-चौराहों के सौदंर्य को बढ़ाने, उपेक्षित पडे. स्थलों को क्रिएटिव कार्नर की पहल से सुसज्जित करने तथा सार्वजनिक स्थलों को सजाने संवारने की दिशा में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा लगातार कार्य किये जा रहे हैं। शहर की सौदंर्यीकरण की ओर निगम ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुये निगम के प्रशासनिक भवन साकेत के समीप स्थित आई.टी.आई.-तानसेन चैक में अशोक स्तंभ का निर्माण कराया है, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने जनप्रतिनिधियों, निगम के अधिकारियों व आमनागरिकों की उपस्थिति में उक्त नवस्थापित अशोक स्तंभ का लोकार्पण किया।



# पर्यावरणीय स्वीकृति के इंतजार में रजगामार खदान से कोयला उत्पादन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की रजगामार भूमिगत कोयला खदान का संचालन किया जाता है। यह खदान पिछले साल से अघोषित तौर पर बंद है। यहां से कोयला बाहर नहीं निकल रहा है। इसका बड़ा कारण पर्यावरणीय स्वीकृति में हो रही देरी को बताया गया है। खनन चालू करने के लिए कोयला कंपनी को पर्यावरणीय स्वीकृति का इंतजार है लेकिन स्वीकृति नहीं मिल रही है। इसका बड़ा कारण खदान के आसपास वन भूमि का होना है।

#### खास बात

- कंटीन्यूअस माइनर मशीन लगाए जाने के बाद अब स्वीकृति का इंतजार



रजगामार भूमिगत खदान में कंटीन्यूअस माइनर मशीन भी उतारी जा चुकी है। मशीन लगाए जाने के बाद कोल कर्मियों को मशीन संचालन के लिए तकनीकी प्रशिक्षण भी उपलब्ध करा दी गई है। कोल कर्मी कंटीन्यूअस माइनर मशीन के संचालन के लिए प्रशिक्षण ले चुके हैं। नागपुर की कंपनी द्वारा खदान में कंटीन्यूअस माइनर मशीन लगाए गए हैं। हालांकि पर्यावरणीय स्वीकृति में देरी से पेंच फंसा हुआ है। दरअसल रजगामार की 6 व 7 नंबर की भूमिगत खदान पर्यावरणीय स्वीकृति के आभाव में लंबे समय से उत्पादन से बाहर हैं। खदान में लगभग 20 लाख टन तक उच्च श्रेणी का कोयला भंडार है। खदान को शुरु करने के लिए एसईसीएल द्वारा 37 करोड़ की राशि जमा करने के बावजूद अनुमति लंबित है जिससे उत्पादन पर संकट मंडरा रहा है। पर्यावरणीय अनुमति की अवधी समाप्त होने के कारण खदान का परिचालन रुका हुआ है। एसईसीएल ने वन एवं जलवायु पर्यावरण मंत्रालय में आवेदन किया है और खदान को फिर से शुरु करने के लिए प्रक्रिया चल रही है। वहीं दूसरी ओर उत्पादन रुकने से गोड़मा खदान के कर्मचारियों को ढेलवाडीह के 4 व 5 नंबर खदान में स्थानांतरित कर दिया गया है। दरअसल वन भूमि सीमांकन अधिकारिक अनुमति की देरी मुख्य वजह बनी हुई है।

#### जमीन की संकट से जूझ रही खदानें

कोल इंडिया की सहयोगी कंपनी एसईसीएल कोयला खनन के लिए जमीन की संकट से जूझ रही है। जमीन की कमी के कारण कोयला खदानें एक.एक कर उत्पादन से बाहर हो रही हैं या वे अपने लक्ष्य के अनुसार खनन नहीं कर पा रही हैं। इससे कंपनी की समस्या समय के साथ गंभीर होती जा रही है। यह समस्या सबसे अधिक कोरबा जिले में स्थित मेगा परियोजना गेवराए दीपका और कुसमुंडा को लेकर सामने आ रही है। इसके साथ.साथ जमीन की समस्या से कोरबा शहर से लगी मानिकपुर कोयला खदान भी जूझ रही है। विकासखंड पाली में हाल ही में शुरू हुई अंबिका खदान की स्थिति भी ठीक नहीं है। इसके अलावा राज्य में अन्य कोयला खदानों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है।

# जिले के 572 परीक्षा केंद्रों में 22 मार्च को होगी साक्षरता की महापरीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 22 मार्च को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आकलन महापरीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिले के कुल 572 उल्लास केंद्रों में यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश नाग के मार्गदर्शन में इस महा अभियान को सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय एवं जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती ज्योति शर्मा के नेतृत्व में सभी विकासखंडों में तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस साक्षरता अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कर जिले को साक्षरता के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में सहयोग प्रदान करें।



*__कोरबा।__ दीपका थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी कृष्णकांत जायसवाल सुभाष नगर दीपका के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता और आरोपी की पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने साथ जीवन बिताने के कई वादे किए थे, लेकिन जब उसने विवाह करने का दबाव बनाया, तो आरोपी मुकर गया और शादी से साफ इनकार कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

#### वार्ड क्रमांक 8 में नाले का मरम्मत एवं स्कूल में पेयजल की होगी व्यवस्था

# बाइक सवार होकर आयुक्त पहुंचे वार्डों में, बस्तीवासियों से चर्चा कर जानी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय मोतीसागरपारा बस्ती एवं कोहड़िया पहुंचे, उन्होने बस्ती की तंग गलियों का बाईक से एवं पैदल भ्रमण किया, वहां के रहवासियों से जनसंपर्क किया, उनकी समस्याओं को जाना एवं निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसी कड़ी में आयुक्त श्री पाण्डेय ने वार्ड क्र. 8 मोतीसागरपारा में नाले का मरम्मत कार्य किये जाने हेतु तत्काल प्रस्ताव तैयार करने, बस्ती में स्थित प्राथमिक विद्यालय में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश मौके पर दिये, साथ ही वार्ड क्र. 18 कोहड़िया में बस्ती से नदी की ओर पानी की समुचित निकासी हेतु नाली निर्माण किये जाने हेतु प्राक्कलन तैयार करने अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त दोनों वार्डों में स्वच्छता महाअभियान के अंतर्गत संचालित की जा रही है, मेगा स्वच्छता ड्राईव का सघन अवलोकन किया तथा बेहतर स्वच्छता कार्यो हेतु अधिकारियों को मार्गदर्शन भी किया।



महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा स्वच्छता का महा अभियान संचालित किया जा रहा है। महाअभियान के सोलहवें दिन निर्धारित कार्यक्रमानुसार वार्ड व बस्तियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। सोलहवें दिन वार्ड क्र. 8 मोतीसागरपारा एवं वार्ड क्र. 18 कोहड़िया के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों, मुख्य व संपर्क सड़कों, नालियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर नाले एवं नालियों के ऊपर से स्लेब हटाकर उनकी सतह से सफाई, सड़क के किनारे जमी हुई धूल, मिट्टी, बर्म, झाड़ियों की सफाई, कचरे का त्वरित उठाव व परिवहन, कीटनाशक दवाओं, ब्लीचिंग पाउण्डर का छिड़काव आदि के कार्य व्यापक पैमाने पर किये गये। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय बाईक में सवार होकर उक्त दोनों वार्डो की विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों में बाईस से एवं पैदल भ्रमण करते हुये साफ-सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने वार्ड, बस्तियों में स्थित नालियों, सड़कों, सार्वजनिक स्थलों आदि की सम्पूर्ण सफाई करने, सी.एण्ड डी.वेस्ट, अतिक्रमण, अवैध कब्जा, दुकानों में डस्टबिन न रखने, गंदगी करने व कचरा फैलाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान पार्षद नरेन्द्र देवांगन व रूबीदेवी सागर, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर नीरज कौशिक, कार्यपालन अभियंता सुनील टांडे, स्वास्थ्य अधिकारी डा.संजय तिवारी, अनिरूद्ध सिंह, अजय कुमार अग्रवाल, विनोद गोंड़, डी.पी.साहू, हरीश जांगडे आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
13 मई, 10 जून 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411